# गोपनीयता प्रक्रियाओं का नोटिस

## UNIVERSITY OF CALIFORNIA DAVIS HEALTH

**यह नोटिस बताता है कि आपकी चिकित्सा जानकारी का उपयोग और प्रकटीकरण किस तरह किया जा सकता है और आप इस जानकारी तक कैसे पहुँच सकते हैं।**

**कृपया इसकी सावधानीपूर्वक समीक्षा करें**

## UC DAVIS HEALTH

UC Davis Health, University of California के स्वास्थ्य देखभाल घटकों में से एक है। University of California के स्वास्थ्य देखभाल घटकों में UC मेडिकल सेंटर, UC मेडिकल ग्रुप, क्लीनिक और चिकित्सक कार्यालय, UC स्कूल्स ऑफ मेडिसिन और अन्य UC स्वास्थ्य पेशेवर स्कूल शामिल हैं। सूचीबद्ध सभी स्थानों पर देखभाल के प्रावधान का समर्थन करने वाली प्रशासनिक और परिचालन इकाइयां भी University of California के स्वास्थ्य देखभाल घटक हैं।

**आपकी स्वास्थ्य जानकारी के संबंध में हमारा प्रण**

UC Davis Health आपकी चिकित्सा और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी की गोपनीयता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कानून के तहत हमें आपकी स्वास्थ्य जानकारी की गोपनीयता बनाए रखना ज़रूरी है। हम इस नोटिस ("Notice") में वर्णित कानूनी कर्तव्यों और गोपनीयता प्रक्रियाओं का पालन करेंगे।

**आपकी स्वास्थ्य जानकारी के संबंध में आपके अधिकार**

**हम आपके बारे में जो स्वास्थ्य जानकारी रखते हैं, इस संबंध में आपके पास निम्नलिखित अधिकार हैं:**

**दस्तावेज देखने और प्रतिलिपि बनाने का अधिकार।** कुछ अपवादों को छोड़कर, आपको अपनी स्वास्थ्य जानकारी देखने या उसकी एक प्रति प्राप्त करने का अधिकार है। यदि हमारे पास यह जानकारी इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में है, तो संभव हो तो आपको अपनी स्वास्थ्य जानकारी इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में प्राप्त करने का अधिकार है। यदि नहीं, तो यह जानकारी इलेक्ट्रॉनिक रूप में या कागज़ की प्रति के रूप में प्राप्त करने के लिए हम तरीका ढूँढ़ने में आपके साथ मिलकर काम करेंगे।

आपका अनुरोध लिखित रूप में होना चाहिए तथा निम्नलिखित में से किसी एक तरीके से भेजा जाना चाहिए:

| | |
|---|---|
| ईमेल: | roi@health.ucdavis.edu |
| फ़ैक्स: | (916) 734-2126 |
| पोस्ट ऑफिस मेलः | Health Information Management<br>2315 Stockton Blvd. |

Sacramento, CA 95817

यह अनुरोध करने के लिए फॉर्म UC Davis Health में उपलब्ध है और https://health.ucdavis.edu/him पर ऑनलाइन मिल सकता है।

यदि आप जानकारी की एक प्रति का अनुरोध करते हैं, तो इन सेवाओं के लिए एक उचित, लागत-आधारित शुल्क लग सकता है। आप यह भी अनुरोध कर सकते हैं कि आपकी स्वास्थ्य जानकारी की एक प्रति आपके द्वारा चुने गए किसी तीसरे पक्ष को जारी की जाए।

**सुधार करने के लिए मांग करने का अधिकार।** यदि आपको लगता है कि आपकी स्वास्थ्य जानकारी गलत या अधूरी है, तो आप अपना रिकॉर्ड पूरा करने के लिए इसको बदलने या अधिक जानकारी शामिल करने के लिए हमसे कह सकते हैं।

आपका अनुरोध लिखित रूप में होना चाहिए तथा निम्नलिखित में से किसी एक तरीके से भेजा जाना चाहिए:

| | |
|---|---|
| ईमेल: | roi@health.ucdavis.edu |
| पोस्ट ऑफिस मेलः | Health Information Management<br>2315 Stockton Blvd.<br>Sacramento, CA 95817 |

यह अनुरोध करने के लिए फॉर्म UC Davis Health में उपलब्ध है और https://health.ucdavis.edu/him पर ऑनलाइन मिल सकता है।

हम आपके अनुरोध के लिए "नहीं" कह सकते हैं लेकिन इसका कारण हम आपको लिखित रूप में बताएंगे।

**यह जानने का अधिकार कि हमने आपकी स्वास्थ्य जानकारी कैसे साझा की है।** आपको एक सूची (अकाउंटिंग) के लिए अनुरोध करने का अधिकार है कि UC Davis Health ने अन्य लोगों, जैसे सरकारी एजेंसियों के साथ आपकी स्वास्थ्य जानकारी कितनी बार साझा की है। इस सूची में उपचार के लिए किए गए किसी भी प्रकटीकरण, भुगतान, स्वास्थ्य देखभाल संचालन या कोई भी प्रकटीकरण जो आपके द्वारा हमसे मांगा गया है, शामिल नहीं होगा। यह अनुरोध आपके द्वारा सूची मांगे जाने की तिथि से छह वर्ष पहले तक की अवधि के लिए हो सकता है।

आपका अनुरोध लिखित रूप में होना चाहिए और निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए:

| | |
|---|---|
| पोस्ट ऑफिस मेलः | Health Information Management<br>2315 Stockton Blvd.<br>Sacramento, CA 95817 |

यह अनुरोध करने के लिए फॉर्म UC Davis Health में उपलब्ध है और https://health.ucdavis.edu/him पर ऑनलाइन मिल सकता है।

यदि आप 12 महीने की अवधि के दौरान एक से अधिक बार अकाउंटिंग (सूची) का अनुरोध करते हैं, तो हम इन सेवाओं के लिए आपसे उचित, लागत-आधारित शुल्क ले सकते हैं।

**प्रतिबंधों की मांग करने का अधिकार।** आपको हमसे यह पूछने का अधिकार है कि हम उपचार, भुगतान या स्वास्थ्य देखभाल कार्यों के लिए कुछ स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और साझाकरण कैसे सीमित करें। यदि आप किसी सेवा या स्वास्थ्य देखभाल मद का पूरा भुगतान खुद करते हैं, तो आप हमसे भुगतान के उद्देश्य या हमारे कार्यों के लिए वह जानकारी साझा न करने का अनुरोध कर सकते हैं।

आपका अनुरोध लिखित रूप में होना चाहिए और निम्नलिखित पते पर भेजा जाना चाहिए:

| | |
|---|---|
| पोस्ट ऑफिस मेलः | Health Information Management<br>2315 Stockton Blvd.<br>Sacramento, CA 95817 |

यह अनुरोध करने के लिए फॉर्म UC Davis Health में उपलब्ध है और https://health.ucdavis.edu/him पर ऑनलाइन मिल सकता है।

**गोपनीय सूचना मांगने का अधिकार।** आपको यह अनुरोध करने का अधिकार है कि हम आपके साथ आपकी स्वास्थ्य जानकारी के बारे में भरोसेमंद तरीके से या निश्चित स्थान पर संवाद करें। उदाहरण के लिए, आप अनुरोध कर सकते हैं कि हम आपसे केवल घर पर या केवल मेल (डाक) द्वारा संपर्क करें। आपको अपना अनुरोध लिखित रूप में निम्नलिखित पते पर करना चाहिए:

पोस्ट ऑफिस मेलः

Health Information Management
2315 Stockton Blvd.
Sacramento, CA 95817

हम सभी उचित अनुरोधों की स्वीकृति देगें।

**इस नोटिस की कागजी प्रति का अधिकार।** आप किसी भी समय इस नोटिस की कागजी प्रति माँग सकते हैं चाहे आप इस नोटिस को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्राप्त करने की सहमति दे चुके हों।

इस नोटिस की प्रतियां UC Davis Health में उपलब्ध हैं या आप हमारी वेबसाइट: https://health.ucdavis.edu/him से एक प्रति प्राप्त कर सकते हैं।

**उल्लंघन की सूचना पाने का अधिकार।** यदि हमें किसी ऐसे उल्लंघन का पता चलता है जिससे आपकी जानकारी की गोपनीयता या सुरक्षा से समझौता हुआ हो तो आपको इस बारे में सूचित किए जाने का अधिकार है।

## हम आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और प्रकटीकरण कैसे कर सकते हैं

**हम आमतौर पर आपकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का उपयोग और प्रकटीकरण निम्नलिखित तरीकों से करते हैं, जब तक कि राज्य के या संघीय कानून इसे सीमित न करते हों।**

**उपचार के लिए।** हम आपको उपचार या सेवाएँ प्रदान करने के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग करते हैं। हम आपकी स्वास्थ्य जानकारी का प्रकटीकरण डॉक्टरों, नर्सों, तकनीशियनों, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विज्ञान के छात्रों, या आपकी देखभाल में शामिल अन्य स्वास्थ्य प्रणाली कर्मियों को करते हैं। हम देखभाल या उपचार के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी अन्य गैर-UC Davis Health प्रदाताओं के साथ भी साझा कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आपको किसी गैर-UC Davis Health संस्थान में किसी अन्य प्रदाता के पास रेफर किया जा रहा है, तो हम आपकी स्वास्थ्य जानकारी साझा कर सकते हैं।

**भुगतान के लिए।** हम स्वास्थ्य योजनाओं या अन्य निकायों से बिल या भुगतान प्राप्त करने के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और शेयर करते हैं। उदाहरण के लिए, हम आपकी स्वास्थ्य योजना को जानकारी देते हैं तभी तो वह आपकी सेवाओं के लिए हमें भुगतान करेंगे।

**स्वास्थ्य देखभाल संचालन के लिए।** हम आपके उपचार और सेवाओं का प्रबंधन करने, अपने व्यवसाय और शिक्षण संस्थान संचालन के लिए, आपकी देखभाल में सुधार करने और आवश्यकता पड़ने पर आपसे संपर्क करने के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग और साझा करते हैं। उदाहरण के लिए, हमारी सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा की समीक्षा करने, या व्यावसायिक योजना, प्रबंधन और प्रशासनिक सेवाओं के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग किया जा सकता है। हम आपकी स्वास्थ्य जानकारी किसी बाहरी कंपनी के साथ भी साझा कर सकते हैं जो हमारे लिए प्रमाणन, कानूनी या ऑडिटिंग सेवाएं प्रदान करती है। इन कंपनियों को कानून के तहत आपकी स्वास्थ्य जानकारी को गोपनीय रखना आवश्यक है।

### अन्य तरीके, जिनसे हम आपकी स्वास्थ्य जानकारी साझा करते हैं

हमें कानून के तहत आपकी स्वास्थ्य जानकारी को अन्य तरीकों से साझा करने की अनुमति है या ऐसा करना आवश्यक है - आमतौर पर ऐसे तरीके जो जनता की मदद करते हैं, जैसे सार्वजनिक स्वास्थ्य और शोध। इन कारणों से आपकी जानकारी साझा करने से पहले हमें कुछ कानूनी शर्तें पूरी करनी पड़ती हैं।

**अस्पताल निर्देशिका।** यदि आप अस्पताल में भर्ती हैं, तो हम अस्पताल की निर्देशिका में आपके बारे में कुछ जानकारी शामिल

कर सकते हैं। ऐसा इसलिए ताकि आपके परिवार, दोस्त और क्लर्जी (पादरी) अस्पताल में आपसे मिल सकें और सामान्य तौर पर जान सकें कि आप कैसे हैं। आपके पास निर्देशिका जानकारी जारी करने पर आपत्ति करने का अधिकार है।

**आपकी देखभाल या आपकी देखभाल के लिए भुगतान में शामिल व्यक्ति।** हम आपकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी आपके परिवार, करीबी मित्रों या आपकी देखभाल या भुगतान में शामिल अन्य लोगों के साथ साझा कर सकते हैं।

**स्वास्थ्य सूचना आदान-प्रदान।** UC Davis Health एक या एक से अधिक स्वास्थ्य सूचना आदान-प्रदान (हेल्थ इन्फोर्मेशन इक्सचेन्जेज - HIE) में भाग ले सकता है, जहां हम आपकी देखभाल के समन्वय के लिए कानून की अनुमति अनुसार आपकी स्वास्थ्य जानकारी को अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं या संस्थाओं के साथ साझा कर सकते हैं। इससे विभिन्न सुविधाओं पर आपके उपचार में भाग लेने वाले स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को आपके उपचार के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त हो जाती है।

यदि आप नहीं चाहते कि UC Davis Health आपकी जानकारी HIE में साझा करे, तो आप https://health.ucdavis.edu/him पर उपलब्ध ऑप्ट-आउट फॉर्म भरकर बाहर हो सकते हैं:

| | |
|---|---|
| ईमेल: | roi@health.ucdavis.edu |
| फ़ैक्स: | (916) 734-2126 |
| पोस्ट ऑफिस मेलः | Health Information Management<br>2315 Stockton Blvd.<br>Sacramento, CA 95817 |

UC Davis Health आपके बाहर होने (ऑप्ट-आउट) के अनुरोध से सहमत होगा, जो हमारे लिए लागू कानूनों का अनुपालन करने के लिए आवश्यक होगा। ऑप्ट-आउट UC Davis Health को HIE के माध्यम से अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के साथ आपकी जानकारी साझा करने से रोकता है; यह अन्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को आपकी जानकारी UC Davis Health के साथ साझा करने से नहीं रोकता है और यह उस स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को, जिसने आपकी जानकारी पहले ही प्राप्त कर ली है, उसे रखने से नहीं रोकता। अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं को आपकी जानकारी UC Davis Health के साथ साझा करने से रोकने के लिए, आपको उन प्रदाताओं से सीधे संपर्क करना होगा। यदि आप ऑप्ट-आउट करते हैं, तो आप निम्नलिखित पते पर लिखित अनुरोध प्रस्तुत करके भागीदारी फिर से शुरू कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| ईमेल: | roi@health.ucdavis.edu |
| फ़ैक्स: | (916) 734-2126 |
| पोस्ट ऑफिस मेलः | Health Information Management<br>2315 Stockton Blvd.<br>Sacramento, CA 95817 |

**शोध।** UC Davis Health एक शोध संस्थान है। शोधकर्ता आपसे कुछ शोध अध्ययनों में भाग लेने की आपकी रुचि के बारे में संपर्क कर सकते हैं और कुछ परिस्थितियों में, शोध के लिए आपकी अनुमति के बिना आपकी जानकारी का उपयोग या साझा कर सकते हैं। ऐसा तब हो सकता है जब रोगी की गोपनीयता की रक्षा के लिए शोध एक विशेष समीक्षा प्रक्रिया से गुज़रा हो।

**अंग और टिश्यू दान।** यदि आप अंगदान कर्ता हैं, तो हम अंग उपलब्ध कराने वाले संगठनों के साथ आपकी स्वास्थ्य जानकारी साझा कर सकते हैं।

**कॉरोनर्स (मृत्यु समीक्षक), चिकित्सा परीक्षक और अंत्येष्टि निदेशक।** किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर हम उसकी चिकित्सा जानकारी कॉरोनर, चिकित्सा परीक्षक या अंत्येष्टि निदेशक के साथ साझा कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, मृत व्यक्ति की पहचान करने या मृत्यु का कारण जानने के लिए यह आवश्यक हो सकता है।

**आपदा राहत प्रयास।** हम आपदा राहत प्रयास में सहायता करने वाली संस्था के साथ आपकी स्वास्थ्य जानकारी साझा कर सकते हैं ताकि अन्य लोगों को आपकी स्थिति, अवस्था और स्थान के बारे में सूचित किया जा सके।

**फंड जुटाने की गतिविधियां।** हम फंड इकट्ठा करने वाले प्रोग्राम और आयोजनों के बारे में आपसे संपर्क करने के लिए आपके द्वारा प्रदान

की गई जानकारी का उपयोग कर सकते हैं। आप UC Davis Health के लिए फंड इकट्ठा करने संबंधी जानकारी प्राप्त करने से निम्नलिखित तरीकों से ऑप्ट-आउट कर सकते हैं:

| | |
|---|---|
| टेलीफोन: | 916-734-9400 |
| पोस्ट ऑफिस मेलिंग: | Health Sciences Development<br>4900 Broadway, Suite 1150<br>Sacramento, CA 95820 |

**स्वास्थ्य देखभाल जानकारी और अपॉइंटमेंट रिमाइंडर्स।** हम आपको यह याद दिलाने के लिए आपसे संपर्क कर सकते हैं कि आपका UC Davis Health में अपॉइंटमेंट है। हम आपके लिए वैकल्पिक उपचार विकल्पों या हमारे द्वारा प्रदान किए जाने वाले अन्य लाभों या सेवाओं के बारे में भी आपसे संपर्क कर सकते हैं।

**जैसा कानून द्वारा अपेक्षित है।** फैडरल (संघीय) या राज्य कानून द्वारा आवश्यक होने पर हम आपकी स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा करेंगे। उदाहरण के लिए, यदि स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि क्या हम फैडरल गोपनीयता कानून का पालन कर रहे हैं, तो हम आपकी स्वास्थ्य जानकारी उनके साथ साझा कर सकते हैं।

**मुकदमों और क़ानूनी कार्रवाइयों से निपटना।** हम न्यायालय या प्रशासनिक आदेश के प्रत्युत्तर में, या सम्मन के प्रत्युत्तर में आपकी स्वास्थ्य जानकारी साझा कर सकते हैं।

**सेना और पूर्व सैनिक।** यदि आप सशस्त्र बलों के सदस्य हैं या थे, तो जैसा कि कानून द्वारा अनुमति दी गई है या आवश्यक होने पर हम आपकी स्वास्थ्य जानकारी सैन्य प्राधिकारियों को जारी कर सकते हैं।

**कैदी।** यदि आप किसी सुधार गृह के कैदी हैं या कानून प्रवर्तन अधिकारियों की हिरासत में हैं, तो हम कानून द्वारा अधिकृत या अपेक्षित होने पर आपकी स्वास्थ्य जानकारी सुधार गृह को जारी कर सकते हैं।

**कर्मचारियों का मुआवजा।** हम कानून द्वारा अधिकृत या आवश्यकता अनुसार कर्मचारियों के मुआवजे या समान कार्यक्रमों के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग या उसे साझा कर सकते हैं। ये प्रोग्राम कार्य-संबंधी चोटों या बीमारी में लाभ प्रदान करते हैं।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा।** हम कुछ परिस्थितियों में आपकी स्वास्थ्य जानकारी का खुलासा कर सकते हैं जैसे:

- रोग (जैसे कैंसर और तपेदिक), चोट या विकलांगता को रोकना या नियंत्रित करना;
- जन्म और मृत्यु जैसी महत्वपूर्ण घटनाओं की रिपोर्टिंग;
- दुरूपयोग, अनदेखी (लापरवाही) या घरेलू हिंसा की आशंका की रिपोर्ट करना;
- किसी के स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिए गंभीर खतरों को रोकना या कम करना;
- भोजन, दवाओं, या उत्पादों में दोष या समस्याओं से संबंधित प्रतिकूल घटनाओं या निगरानी की रिपोर्ट करना;
- लोगों को उनके द्वारा उपयोग किए जा रहे उत्पादों की वापसी, मरम्मत या प्रतिस्थापन के बारे में सूचित करना;
- किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सूचित करना जो किसी बीमारी के संपर्क में आया हो या किसी बीमारी या स्थिति के संपर्क में आने या फैलने के जोखिम में हो;
- कार्यस्थल पर किसी कर्मचारी की गंभीर चोट या मृत्यु की कानूनी रूप से आवश्यक रिपोर्टिंग के लिए अपने नियोक्ता को सीमित जानकारी प्रदान करना;
- कार्यस्थल या कार्य-संबंधी बीमारी या चोट, जिसमें संक्रामक रोग की रोकथाम और नियंत्रण भी शामिल है, की चिकित्सा निगरानी से संबंधित कानूनी रूप से आवश्यक रिपोर्टिंग के लिए अपने नियोक्ता को सीमित जानकारी प्रदान करना।

**स्वास्थ्य निरीक्षण गतिविधियाँ।** हम आपकी स्वास्थ्य जानकारी को सरकारी, लाइसेंसिंग, ऑडिटिंग व अन्य एजेंसियों के साथ कानून द्वारा अधिकृत या आवश्यक होने पर साझा कर सकते हैं।

**कानून प्रवर्तन।** जैसा कि कानून द्वारा अनुमति दी गई है या आवश्यक होने पर, जब कुछ शर्तें पूरी हो जाती हैं, तो हम कानून प्रवर्तन को आपकी स्वास्थ्य जानकारी रिलीज कर सकते हैं।

**राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया गतिविधियाँ।** कानून की आवश्यकता के अनुसार, हम राष्ट्रीय सुरक्षा और प्रेज़डेन्शल रक्षा सेवाओं जैसे विशेष सरकारी कार्यों के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी को साझा कर सकते हैं।

**स्वास्थ्य जानकारी की मार्केटिंग या बिक्री।** मार्केटिंग उद्देश्यों के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी या आपकी स्वास्थ्य जानकारी की किसी भी बिक्री का अधिकांश उपयोग करना और साझा करना सख्ती से सीमित है और इसके लिए आपकी लिखित अनुमति की आवश्यकता होती है।

**स्वास्थ्य जानकारी के अन्य उपयोग और प्रकटीकरण।** इस नोटिस में शामिल न किए गए अन्य तरीकों से हम आपकी स्वास्थ्य जानकारी को साझा और उपयोग केवल आपकी लिखित अनुमति से ही करेंगे। यदि आप हमें अपनी स्वास्थ्य जानकारी का उपयोग या खुलासा करने के लिए अधिकृत करते हैं, तो आप किसी भी समय लिखित रूप से उस अनुमति को रद्द कर सकते हैं। हालाँकि, यह रद्दीकरण उस जानकारी पर लागू नहीं होगा जिसका उपयोग और प्रकटीकरण हमने पहले ही पूर्व अनुमति के आधार पर कर लिया है।

विशेष कानून, कुछ प्रकार की स्वास्थ्य जानकारी पर लागू होते हैं, जिन्हें विशेष रूप से मरीज़ के लिए निजी या संवेदनशील माना जाता है। इस संवेदनशील जानकारी में साइकोथेरेपी नोट्स, यौन संचारित रोग, नशीली दवाओं और शराब के दुरुपयोग के उपचार के रिकॉर्ड, मानसिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड और HIV/AIDS की जानकारी शामिल होती है। कानून द्वारा आवश्यक होने पर, हम आपकी लिखित अनुमति के बिना इस प्रकार की जानकारी साझा नहीं करेंगे। कुछ परिस्थितियों में नाबालिग की स्वास्थ्य जानकारी को अतिरिक्त सुरक्षा दी जा सकती है।

**नशीले पदार्थ और शराब की लत के इलाज के रिकॉर्ड्स।** सब्सटैंस यूज़ डिसऑर्डर पेशेंट रिकॉर्ड्स की गोपनीयता (42 U.S.C. §290dd-2 और 42 CFR Part 2) के अनुसार इन विशिष्ट रिकॉर्ड्स की गोपनीयता संरक्षित करने के लिए कड़े उपायों की ज़रूरत हो सकती है।

क़ानून के अनुसार, हम आपके नशीले पदार्थों और शराब के इलाज के रिकॉर्ड्स का उपयोग या प्रकटीकरण, आपकी लिखित पूर्वानुमति के बिना, किसी अदालत, प्रशासनिक, या वैधानिक कार्रवाई में आपके ख़िलाफ़ नहीं कर सकते, जब तक कि अदालत के आदेश में इसकी मांग न की गयी हो।

क़ानून के अनुसार, हम आपके नशीले पदार्थों और शराब के इलाज के रिकॉर्ड्स का उपयोग, फंड-रेज़िंग उद्देश्यों के लिए केवल तभी कर सकते हैं जब हमने आपको फंड-रेज़िंग सूचना प्राप्त करने से अलग हो सकने का अवसर दिया हो। अलग हो सकने (ऑप्ट-आउट) के बारे में अधिक जानकारी ऊपर "फंड जुटाने की गतिविधियां" खंड में दी गयी हैं।

## UC DAVIS HEALTH की गोपनीयता प्रक्रियाओं और इस सूचना में परिवर्तन

हम किसी भी समय इस नोटिस की शर्तों में बदलाव कर सकते हैं और ये बदलाव हमारे पास मौजूद आपकी सभी स्वास्थ्य जानकारी में लागू होगा। यह मौजूदा नोटिस अनुरोध करने पर हमारे लोकेशन और हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

**संगठित स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था।** UC Davis Health अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के साथ एक संगठित स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था (Organized Healthcare Arrangement - OHCA) में भाग लेता है। OHCA के भीतर, सदस्य संगठन OHCA से संबंधित उपचार, भुगतान या संचालन के लिए आपकी स्वास्थ्य जानकारी साझा कर सकते हैं।

## प्रश्न या शिकायतें

अगर इस नोटिस के बारे में आपके कोई प्रश्न या चिंताएँ हैं, तो कृपया (916) 734-8808 पर UC Davis Health Privacy Program के Compliance and Privacy Services Department (अनुपालन और गोपनीयता सेवा विभाग) से संपर्क करें। यदि आपको लगता है कि आपके अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, तो आप UC Davis Health में शिकायत दर्ज कर सकते हैं:

अनुपालन हॉटलाइन: (877) 384-4272

पोस्ट ऑफिस मेलः UC Davis Health
Compliance and Privacy Services Department
1651 Alhambra Blvd.
Sacramento, CA, 95816.

आप U.S. Department of Health and Human Services (अमेरिकी स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग), Office for Civil Rights (नागरिक अधिकार कार्यालय) के सचिव के पास भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत दर्ज कराने पर आपसे प्रतिशोध नहीं लिया जायेगा।

**प्रभावी तिथि: 01 अप्रैल 2023**

अतिरिक्त जानकारी

UC Davis Health, विकलांग लोगों को हमारे साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने के लिए मुफ़्त उपयुक्त सहायक उपकरण, योग्य सांकेतिक भाषा (साइन लैंग्वेज) दुभाषिए और सेवाएँ प्रदान करता है। हम अन्य प्रारूपों (बड़े प्रिंट, ऑडियो, सुलभ इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप, अन्य प्रारूप) में भी लिखित जानकारी प्रदान करते हैं। UC Davis Health उन लोगों जिनकी प्राथमिक भाषा अंग्रेजी नहीं है के लिए निःशुल्क भाषा सेवाएँ भी प्रदान करता है, जिनमें योग्य दुभाषिए भी शामिल हैं। इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए, कृपया रोगी संबंध समन्वयक से 1-916-734-2321 (TTY: 1-916-635-3061) पर संपर्क करें।

गोपनीयता प्रक्रियाओं का नोटिस – अन्य भाषाएँ

- स्पेनिश
- चाइनीज़
- वियतनामी
- तगालॉग
- कोरियन
- अर्मेनियन
- फ़ारसी
- रशियन
- एरेबिक (अरबी)
- लाओ
- पंजाबी
- मोन-खमेर, कम्बोडियन
- हमोंग
- हिन्दी
- थाई